12 APRIL- CORIYA -BHOOMI-PG-1_Layout 1 4/12/2025 9:04 PM Page 1


तापमान

अधिकतम 37 डिग्री

न्यूनतम 22 डिग्री

हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, रविवार 13 अप्रैल 2025

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]


4 युवक की हत्या कर शव को फेंका नाले में, आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस



## खबर संक्षेप

### राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष आज जिले में

**अनूपपुर।** मध्यप्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया 12 अप्रैल को दोपहर 2 बजे भोपाल से अनूपपुर के लिए प्रस्थान करेंगे। 13 अप्रैल को प्रातः 10 बजे कुर्मवंशी पटेल सेवा समिति अनूपपुर द्वारा आयोजित संभागीय सम्मेलन में सम्मिलित होंगे। दोपहर 2 बजे जिले के ग्राम धिरौल में कौशल पटेल के यहां सामाजिक कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। शाम 5 बजे अनूपपुर से अमरकंटक के लिए प्रस्थान करेंगे एवं अमरकंटक में रात्रि विश्राम करेंगे। 14 अप्रैल को प्रातः 8 बजे अमरकंटक में स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेंगे तथा पिछड़ा वर्ग के व्यक्तियों से भेंट करेंगे। दोपहर 2 बजे अमरकंटक से शहडोल के लिए प्रस्थान करेंगे तथा सर्किट हाऊस शहडोल में रात्रि विश्राम करेंगे। 15 अप्रैल को शाम 4 बजे शहडोल से अमरपाटन के लिए प्रस्थान करेंगे तथा पूर्व मंत्री रामखेलावन पटेल के निवास स्थान पर शोकसभा में सम्मिलित होंगे। शाम 5 बजे अमरपाटन से भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

### रवि बने मनेन्द्रगढ़ के विधायक प्रतिनिधि



**मनेन्द्रगढ़।** पूर्व केन्द्रीय राज्यमंत्री एवं भरतपुर-सोनहत विधायक श्रीमती रेणुका सिंह ने ग्राम केल्हारी निवासी एवं तेजतर्रार भाजपा नेता रवि कुमार गुप्ता को मनेन्द्रगढ़ अनुभाग के लिए विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया है। इस आशय की जानकारी विधायक ने अपने फेसबुक पोस्ट के माध्यम से साझा की है। विधायक प्रतिनिधि के रूप में रवि कुमार गुप्ता अब मनेन्द्रगढ़ जनपद पंचायत क्षेत्र में आम जनता के कार्यों के संपादन, समस्त प्रशासनिक कार्यों के संचालन और क्षेत्रीय बैठकों में विधायक की ओर से उपस्थिति दर्ज कराने का दायित्व निभाएंगे। इस संबंध में विधायक कार्यालय द्वारा आधिकारिक आदेश जारी किया गया है, जिसे अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), मनेन्द्रगढ़ को प्रेषित करते हुए क्षेत्र के समस्त विभाग प्रमुखों को अवगत कराने के निर्देश दिए गए हैं। विधायक प्रतिनिधि नियुक्त होने पर रवि कुमार ने विधायक रेणुका सिंह का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि मुझे जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे पूरी निष्ठा के साथ निभाऊंगा। आम जनता के कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा कराना ही मेरा उद्देश्य रहेगा।

### चिरगुड़ा में गायन-वादन महासम्मेलन 15 तक

**बैकुण्ठपुर।** जनपद पंचायत बैकुंठपुर अंतर्गत ग्राम चिरगुड़ा में श्री हनुमान जन्मोत्सव के दिन से श्रीराम चरित मानस गायन वादन महासम्मेलन प्रारंभ हुआ। जानकारी के अनुसार ग्राम चिरगुड़ा केअटल चौक पर समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से श्रीराम चरित मानस गायन वादन महासम्मेलन 12 अप्ैरल से शुरू होकर आगामी 15 अप्ैरल तक चलेगा। यह कार्यक्रम प्रतिदिन सायं 7 बजे से शुरू होगी। जानकारी के अनुसार यहां वर्षो से श्री हनुमान जन्मोत्सव पर उक्त आयोजन किया जाता रहा है।

### कोरिया-एमसीबी में धूमधाम से मना हनुमान जन्मोत्सव, सुबह से मंदिरों में लगी रही श्रद्धालुओं की भीड़

# भक्ति और आस्था के साथ गूंजा जय श्रीराम



मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़।



अखंड रामायण का आयोजन।



भंडारा में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

श्रीराम भक्त हनुमानजी के जन्मोत्सव पर शनिवार को जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण अंचल में भक्ति और उल्लास का माहौल रहा। विभिन्न मंदिरों में भव्य श्रृंगार, विशेष पूजन-अर्चन और सुंदरकांड पाठ के साथ श्रद्धालुओं ने हनुमानजी की आराधना की। जगह-जगह शोभायात्रा निकाली गईं और प्रसाद वितरण हुआ। भक्तों की भारी भीड़ से मंदिरों में दिनभर रौनक रही। श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर 12 अप्रैल को कोरिया-एमसीबी जिले के हनुमान मंदिरों में दिनभर भक्ति का सैलाब उमड़ा रहा। सुबह से ही श्रद्धालु विभिन्न जगहों पर स्थित श्री हनुमान मंदिरों में पहुंच कर पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर कई हनुमान मंदिरों में सुंदरकांड का पाठ भी चलता रहा तथा हनुमान जी की महाआरती के साथ भोग भंडारे का प्रसाद वितरण किया गया। जगह-जगह भक्तों के द्वारा भंडारा कार्यक्रम आयोजित किए गए, जहां भंडारा का प्रसाद ग्रहण करने के लिए मंदिर परिसर में भक्त जुटते रहे। श्री हनुमान जन्मोत्सव पर श्री हनुमान मंदिरों के अलावा अन्य मंदिरों में भी रामायण पाठ का आयोजन हुआ।

शहर के बाजारपारा स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में एक दिन पूर्व से ही अखंड रामायण का पाठ शुरू किया गया, जो जन्मोत्सव के दिन सुबह के समय समाप्त हुआ और फिर महाआरती एवं लड्डुओं का महाभोग चढ़ाया गया। इस अवसर पर दिनभर श्री हनुमान मंदिर में भक्तों का आना-जाना लगा रहा और विधि-विधान के साथ हनुमान जी की पूजा-अर्चना की गई। इसके अलावा प्रेमाबाग शिवमंदिर परिसर में स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में भी सुबह से ही भक्तजन पूजा-अर्चना के लिए जुटते रहे। यहां दोपहर बाद तक भक्तों के द्वारा पूजा-अर्चना के लिए जुटते रहे, इसके अलावा शहर से लगे चेर स्थित हनुमान मंदिर, कोडया सागर स्थित हनुमान मंदिर के अलावा जिलेभर में स्थित श्री हनुमान मंदिर में जन्मोत्सव पर विशेष पूजा-अर्चना श्रद्धालुओं द्वारा की गई। बैकुंठपुर जनपद के ग्राम जलियाडाड स्थित स्वयंभू हनुमान मंदिर में भी प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी विशेष पूजा-अर्चना के साथ रामायण पाठ का आयोजन किया गया।

### डबरीपारा में भंडारा के साथ सुंदरकांड का पाठ

दुर्गा पूजा समिति भवानी तिगड्डा डबरीपारा के सदस्यों के द्वारा माँ दुर्गा मंदिर महलपारा रोड स्थित पीपल पेड़ के नीचे हनुमान जी की आरती पश्चात दोपहर से विशाल भंडारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां काफी संख्या में भक्तजन भंडारा का प्रसाद ग्रहण किए। समिति के सदस्यों के द्वारा सायं के समय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। श्री दुर्गा पूजा समिति भवानी तिगड़ा के सभी सक्रिय सदस्यों के द्वारा शनिवार को हनुमान जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर दुर्गा मंदिर भवानी तिगड़ा में श्री हनुमान जी की भव्य आरती एवं सुंदरकांड का पाठ एवं विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। इसमें प्रमुख रूप से उपस्थित सदस्यों में अरविंद सिंह (डब्लू), मनोज सोनी, अनूप अग्रवाल, अनुराग दुबे, प्रसंग जायसवाल, नितिन गुप्ता, चंदन गुप्ता, अर्पित गुप्ता, प्रज्वल जायसवाल, विक्की गुप्ता, यस त्रिवेदी, पार्थ दुबे, ऋषभ दुबे, आधार जायसवाल, मोहित जैन, सुधांशु गुप्ता, प्रतीक गुप्ता ,आशुतोष गुप्ता, मिनागेन्द्र सिंह, अंकुर गुप्ता, शिव सिंह, आकर्षित मिश्रा, सोनू गुप्ता, अंकित गुप्ता, रोहित डबरे, ऋतिक शिवहरे, हरशु सोनी, अमित तिवारी, डब्लू शर्मा, अनुराग सोनी, निहाल कश्यप, विशाल गुप्ता, अमित सोनी, अभय गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### जगह-जगह भोग भंडारे का आयोजन

श्री हनुमान जयंती के अवसर पर जगह-जगह श्रद्धालुओं के सहयोग से भोग भंडारा का आयोजन किया गया था। भंडारा का प्रसाद ग्रहण करने के लिए भक्तों की भीड़ जुटी रही। शहर के बाजारपारा स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में लड्डुओं का महाभोग चढ़ाने के बाद दोपहर से अपरान्ह तक विशाल भंडारा कार्यक्रम आयोजित हुए। प्रसाद ग्रहण करने काफी संख्या में भक्तजन पहुंचे।

### हनुमान मंदिर में श्रद्धालुओं की लगी रही भीड़

**पटना।** प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी हनुमान जयंती के अवसर पर पाण्ड़वपारा के झिलिमिली पहाड़ में स्थित हनुमान मंदिर में श्री हनुमान जी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाते हुए पूजा-अर्चना एवं धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया। इसमें काफी संख्या में श्रद्धालू शामिल हुए।

मंदिर में सुबह 8 बजे एसईसीएल बैकुंठपुर एरिया के महाप्रबंधक बीएन झा, सहक्षेत्र प्रबंधक आरपी मिश्रा, महिला मंडल अध्यक्ष सोममती मिश्रा ने पूजा-अर्चना की, इसके बाद मंदिर में पहुंचे अन्य श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना की। मंदिर में दिनभर पूजा-अर्चना, धार्मिक अनुष्ठान एवं भंडारा का आयोजन मंदिर समिति के पदाधिकारी-सदस्यों के देख-रेख में चलता रहा। पूजा-अर्चना पश्चात मंदिर प्रांगण से श्री हनुमान जी की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। इसमें सभी श्रद्धालू शामिल हुए। शोभायात्रा मंदिर प्रांगण से पाण्ड़वापारा मुख्य सड़क एवं विभिन्न कालोनियों से होते हुए वापस मंदिर प्रांगण तक निकाली गई। शोभायात्रा के दौरान पाण्ड़वपारा निवासी अजय जायसवाल, बड़सरा निवासी सोनू जायसवाल सहित अन्य श्रद्धालूओं ने शोभायात्रा का स्वागत करते हुए शोभा यात्रा में शामिल श्रद्धालूओं को जलपान कराया।

आयोजित पूजा-अर्चना एवं शोभायात्रा को सफल बनाने में अभय गोविंदवार, बीएल गुप्ता, राजेश अग्निहोत्री, उमाकांत शुक्ला, रामजी पाण्डेय, शिव कुमार दुबे, रंजीत मिश्रा, बृजेश सिंह, एसके सिंह, मनोज कुमार दुबे, एकसे सक्सेना सहित अन्य श्रद्धालूओं का योगदान रहा।



पूजा-अर्चना करते महाप्रबंधक व अन्य।

### रजवार समाज की वार्षिक पत्रिका समाज दर्पण का विमोचन



विमोचन करते विधायक भईयालाल राजवाड़े व अन्य।

**बैकुण्ठपुर।** शनिवार को रजवार समाज जिला समिति कोरिया द्वारा प्रकाशित वार्षिक पत्रिका समाज दर्पण के तृतीय अंक का भव्य विमोचन समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बैकुंठपुर विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री भईयालाल राजवाड़े मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। साथ ही प्रांतीय अध्यक्ष लखन राजवाड़े, सरगुजा जिलाध्यक्ष बालेश्वर राजवाड़े एवं प्रांतीय उपाध्यक्ष मुनेश्वर राजवाड़े विशिष्ट अतिथि के रूप में मंच पर विराजमान रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रविशंकर राजवाड़े ने की।

विमोचन समारोह का शुभारंभ हनुमान चालीसा पाठ केसाथ हुआ। कार्यक्रम का कुशल संचालन जिला प्रवक्ता एवं संचालक कृपाल राम रजवाड़े द्वारा किया गया। इस अवसर पर समाज के डॉ. शिवशंकर राजवाड़े प्राचार्य पंडित ज्वाला प्रसाद उपाध्याय महाविद्यालय पटना को पीएचडी की उपाधि प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। वहीं बैकुंठपुर अध्यक्ष रामप्रसाद राजवाड़े को परंपरागत औषधियों के माध्यम से सेवा एवं अन्य राज्यों में समाज का प्रतिनिधित्व करने के लिए शाल व श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। सोनहत क्षेत्र के अध्यक्ष ईश्वर राजवाड़े को पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए समाज की ओर से सम्मान प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है कि समाज दर्पण पत्रिका में कोरिया जिला रजवार समाज की सामान्य जानकारी, विवाह योग्य युवक-युवतियों की सूची, ग्राम, क्षेत्र, जिला समिति के पदाधिकारियों, आजीवन सदस्यों, संरक्षकों एवं सक्रिय सदस्यों की जानकारी के साथ-साथ सामाजिक नियमों और ग्राम समितियों के बैंक खातों की जानकारी भी प्रकाशित की गई है। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों से आए प्रबुद्धजन, पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने काफी संख्या में भाग लिया और पत्रिका विमोचन को ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान किया।

# कोयला श्रमिक संघ सीटू का कार्यकर्ता सम्मेलन



**पटना।** सीटू कार्यालय पाण्डवपारा में कोयला श्रमिक संघ सीटू का कार्यकर्ता सम्मेलन शनिवार को संपन्न हुआ।

सम्मेलन में कोयला श्रमिक संघ सीटू के महासचिव वीएम मनोहर और अध्यक्ष देवेन्द्र कुमार निराला मौजूद रहे। बैठक में वीएम मनोहर को ऑल इंडिया कोल वर्कर्स फेडरेशन का उप महासचिव बनने पर स्वागत किया गया। देवेन्द्र कुमार निराला को फेडरेशन का उपाध्यक्ष और इंद्रदेव चौहान को सचिव बनने पर सम्मानित किया गया। बैकुंठपुर के कार्यकर्ताओं ने तीनों नेताओं का स्वागत किया। सम्मेलन में अन्य यूनियनों से आए कुछ कार्यकर्ताओं ने सीटू की सदस्यता ली। इनमें इंटक यूनियन की शाखा के कल्याण समिति सदस्य चिंताराम भी शामिल रहे। महासचिव वीएम मनोहर ने सभी नए सदस्यों का स्वागत किया। उन्होंने सीटू से जुड़ने पर बधाई दी। साथ ही केन्द्र सरकार की नीतियों और लेबर कोड के खिलाफ 20 मई को होने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल को सफल बनाने की अपील की। सम्मेलन में रमन कुमार सिंह, दिलीप पासवान, विनोद कुमार गुप्ता, बलजिंदर सिंह, सहदेव सिंह, राजाराम जाता, वंशगोपाल सिंह, सुरेन्द्र बहादुर सिंह, अखिल तिर्की, रूपेन्द्र पाल, मानिकचंद, मधुसूदन मंडल, मनीष साव, अजय राजवाड़े, रामसुंदर राजवाड़े, दिलीप कुमार, राम दुलार चौधरी, दिलीप सिंह राठौड़, भूषण लाल गौड़ और रघुनंदन भास्कर मौजूद रहे।

### बढ़ी भूमि पंजीयन की संख्या लेकिन पूरा नहीं हुआ लक्ष्य

**अम्बिकापुर।** भूमि पंजीयन के लक्ष्य को पूर्ण करने में इस बार भी सरगुजा पिछड़ गया है। हालांकि पिछले वर्ष की तुलना भूमि पंजीयन में वृद्धि हुई है लेकिन इसके बाद भी निर्धारित लक्ष्य की तुलना में महज 62.32 प्रतिशत राजस्व की प्राप्ति हुई है। आय में कमी के पीछे की प्रमुख वजह कुछ इंडस्ट्रियल स्टेब्लिशमेंट के मामलों का पेंडिग होना बताया जा रहा है। चालान जमा होने के बाद बड़े भूखंडों की रजिस्ट्री होगी लेकिन वे अब इस नए वित्तीय वर्ष में शामिल होंगे। दरअसल पंजीयन कार्यालय को प्रतिवर्ष भूमि पंजीयन के माध्यम से राजस्व अर्जित करने का लक्ष्य शासन दिया जाता है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में सरगुजा को 60 करोड़ का लक्ष्य था दिया गया था। उप पंजीयक कार्यालय में इस बार 6 हजार 912 रजिस्ट्रियां हुई है और इन रजिस्ट्रियों से शासन को 37 करोड़ 39 लाख 29 हजार 754 आय प्राप्त हुआ है जो निर्धारित लक्ष्य का 62.32 प्रतिशत है। वहीं अगर पिछले वित्तीय वर्ष की बात की जाए तो वर्ष 2023-24 में उप पंजीयक कार्यालय में 6 हजार 809 रजिस्ट्रियां हुई है और इन रजिस्ट्रियों से शासन को 29 करोड़ 33 लाख 83 हजार 417 रूपए के आए की प्राप्ति हुई थी। ऐसे में इस बार पिछले वर्ष की तुलना में 103 भूमि पंजीयन अधिक हुए है लेकिन और आय प्राप्ति में 27. 45 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

### लाखों रुपए खर्च कर बनाया गया था आदर्श शौचालय

# देखरेख के अभाव में आदर्श शौचालय बदहाल



बदहाल शौचालय।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

### दरवाजे गायब, रंग-रोगन भी नहीं

स्वच्छ भारत मिशन के तहत जिले के चुनिंदा आंगनबाड़ी केन्द्रों में कुछ वर्ष पूर्व लाखों रूपए खर्च कर आदर्श शौचालय बनाए गए थे, जो समय बीतने के साथ ही अब बदहाल हो गए हैं। जानकारी के अनुसार आंगनबाड़ी के आदर्श शौचालय के दरवाजे गायब हो गए हैं तथा बीते कई सालों से रंग-रोगन भी नहीं कराया गया हैं। पूर्व में बने आदर्श शौचालय की स्थिति देखकर ही समझा जा सकता है कि शौचालय की देख-रेख के प्रति गंभीरता नहीं बरते जाने के कारण ही आदर्श शौचालय बदहाल हो गए, जिसे फिर संवारने की जरूरत है।

स्वच्छ भारत मिशन के तहत गांव-गांव में शौचालय का निर्माण कराया गया, इसके अलावा जिले के कुछ जगहों पर स्थित आंगनबाड़ी केन्द्रों में आदर्श शौचालय का निर्माण बड़ी रकम खर्च कर बनाया गया था, लेकिन निर्मित आदर्श शौचालय का देख-रेख समय-समय पर नहीं होने के कारण आज कई वर्ष बीत जाने के बाद आंगनबाड़ी केन्द्रों के बनाए गए आदर्श शौचालय बदहाल हो गया, जिससे कि अब उपयोग लायक नहीं रह गए हैं।

स्वच्छ भारत मिशन के तहत आंगनबाड़ी केन्द्रों में आने वाले बच्चों एवं गर्भवती माताओं को स्वच्छ वातावरण प्रदान करने के उद्देश्य से आदर्श शौचालय जिले के चुनिंदा आंगनबाड़ी केन्द्र परिसर में कुछ वर्ष पूर्व लाखों रूपए खर्च कर आदर्श शौचालय का निर्माण कराया गया था, शुरूआती दौर में निर्मित आदर्श शौचालय को रंग-रोगन कर चकाचक रखा जाता था, लेकिन समय के साथ उचित रख-रखाव नहीं होने के कारण आज बदहाल होकर उपयोग लायक नहीं रह गया है। अविभाजित कोरिया जिले के विभिन्न ब्लाकों में चुनिंदा आंगनबाड़ी केन्द्रों में आदर्श शौचालय बनाए गए थे, जो अब देख-रेख के अभाव में बदहाल हो गए हैं। विभागीय अधिकारियों को इस दिशा में पहल कर फिर से सुधार कराए जाने की जरूरत है ताकि आंगनबाड़ी के बच्चों एवं आने वाले गर्भवती माताओं को स्वच्छ वातावरण मिल सके।




Bajpai Buildcon

# A Luxurious Lifestyle... with the Essence of Royalty

You just can't miss the glorious opportunity to own a home at Near Uslapur Railway Station, Bilaspur

RSPL



स्व. रविशंकर रिछारिया
की स्मृति में निर्मित

A project by : Bajpai Buildcon india (P) Ltd./ Rituraj Steel (P) Ltd.

Bajpai's
# RSR APARTMENT

48 AFFORDABLE 2BHK FLATS — Alka Avenue : Uslapur, Bilaspur

भव्य शुभारंभ

श्रीमती स्वदेश रिछारिया
के कर कमलों से
14 अप्रैल 2025, शाम 7 बजे
आप सभी सादर आमंत्रित है

- अलका एवेन्यू में घर वो भी 25 लाख से कम में
- अफोर्डेबल हाउसिंग 2.65 लाख तक की सरकारी सब्सिडी*
- शहर की सबसे शांत और ग्रीन कॉलोनी
- उसलापुर स्टेशन के एकदम पास
- 3000 से ज्यादा संतुष्ट कस्टमर

अल्का एवेन्यू में प्लॉट उपलब्ध 1600, 1760, 1815, 1980, 2520, 3150 Sqft.



READY FOR POSSESSION

## Our Completed Projects



Hotel East Park
Agresan Chowk, Bilaspur



Chandra Park
Near Brahaspati Bazar




Siddhivinayaka Heights
Civil Lines



Bajpai Chambers
Rajendra Nagar Chowk



H.N. Bajpai Tower
Madhyanagari Chowk



Parijat Heights
Parijat Extension, Nehru Nagar



Parijat Extension
Nehru Nagar



Parijat Castle
- Ring Road, No. 2



Jagnnathpuram
Rajkishore Nagar



Rohni Vihar
Behind Green Park Colony



Bajpai Castle
Minocha Colony

## OUR PARTNERS IN THE PROJECT

Architect : Ar. Shyam Shukla | PROJECT ENGINEER: ASHOK TIWARI | OVERALL SUPERVISION (PMC) : M/S KING KALIS DEVELOPERS, PH - 8319071268

MATERIAL

| EARTH WORK | TILES | PAINT | WINDOW | DOOR | PLUMBING | CONCRETE | GRILL |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| MUNNA THAKUR | RUPALI TILES | BHARAT PAINT | VEE R VEE BROS. | SANKAT MOCHAN | KAPASI TRADERS | ACM READY MIX | SATYA ENGINEERING |
| **DOOR FRAMES** | **METAL** | **SAND** | **GRANITE** | **CEMENT** | **STEEL** | **BRICK** | **ELECTRICAL** |
| ANNAPURNA INDUSTRIES | SARKAR MINERALS | JAI MALI | KALYAN STONES | RADHESHYAM TRADERS & DURGA TRADERS | BALAJI STEELS &B.R. TRADERS | SIDDHI VINAYAK INDUSTRIES & RAMJI FLYASH BRICKS | KAPASI SALES |

CONTRACTORS

| CIVIL | PAINTING | TILES | PLUMBER | ELECTRICIAN | MAIN LINE | CORE CUTTING | LAND SCAPE |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ROHIT RAJPUT | RAMAKANT | RAHUL DARJI | GOPI SURYAWANSHI | RAJU JAISWAL | M/S SANJAY AGRAWAL | SANJU MAHENDRA | JANTA NURSERY |
| KARAN SINGH | ASHWANI | M/S RISHABH SINGH | | ISHWAR SAHU | | RAM KUMAR | NOOR AHAMAD |
| RAJU BRINDA | | | | | | | |

RSPL

# BAJPAI BUILDCON INDIA (P) LTD.

Alka Avenue, Near Uslapur Rly. Station, Bilaspur (C.G.)
Mob.: 9039144615, 7024761441

SCAN FOR LOCATION

12-APRIL- JAS- KORIYA- Bhoomi pg-3_Layout 1 4/12/2025 8:06 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### बलराम बने अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष



**बिश्रामपुर।** सूरजपुर जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर के बार रूम में शुक्रवार की दोपहर अधिवक्ता बार संघ का चुनाव सम्पन्न हूआ जिसमें शिवनन्दनपुर शान्तिनगर निवासी बलराम शर्मा ने जीत हासिल कर ली है,उन्होंने अपने चुनावी प्रतिद्वंदी दो बार के अध्यक्ष रह चुके अधिवक्ता जीएस मिश्रा को 47 वोटों से हराया है,चुनाव अधिकारी अधिवक्ता एके वर्मा, राजेंद्र यादव, मुख़्तार तिवारी व समीद खान की मौजूदगी में बार संघ का चुनाव सम्पन्न हूआ जिसमें मिश्रा गली सूरजपुर निवासी अधिवक्ता जीएस मिश्रा को 85 वोट व अधिवक्ता बलराम शर्मा को 132 वोट प्राप्त हुए हैं, इसके अलावा उपाध्यक्ष पद पर अधिवक्ता अवधेश शुक्ला व पुनिता देवांगन ने जीत हासिल की एवं सचिव राजेश गोयल चुने गये हैं।गौरतलब है कि पिछली बार के बार संघ चुनाव में भी अध्यक्ष पद के लिये अधिवक्ता जीएस मिश्रा व बलराम शर्मा के बीच सीधा मुकाबला था,पिछले चुनावी निकटतम मुकाबले में अधिवक्ता बलराम शर्मा मात्र 5 वोटों से हार गये थे।

### सर्वे पर रोक लगाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**प्रतापपुर।** एसईसीएल भटगांव क्षेत्र के अधिसूचित नवीन मदननगर खदान परियोजना के लिए नियम को दरकिनार कर भूमि अधिग्रहण के लिए बलपूर्वक सर्वे कराए जाने से परेशान ग्रामीणों ने आज कलेक्टर के नाम एसडीएम ललिता भगत को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने सर्वे पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। भटगांव क्षेत्र के अधिसूचित मदन नगर खदान परियोजना के प्रभावित कनक नगर, जगन्नाथपुर, मदन नगर के जनप्रतिनिधि एवं प्रभावित लोगों ने एसडीएम ललिता भगत को सौंपे ज्ञापन में बताया कि खान प्रबंधन द्वारा बिना ग्राम सभा एवं मूल भू स्वामी के सहमति के जबरिया सर्वे किया जा रहा है। ग्रामीणों द्वारा विरोध करने पर गाली गलौज और धमकी दिया जा रहा है कि सहमति के बिना पुलिस बल के सहयोग से सर्वेक्षण कार्य कराएंगे। प्रभावित ग्रामीणों ने एसडीएम से ग्राम सभा के सहमति बगैर किए जा रहे सर्वेक्षण कार्य पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला पंचायत सदस्य सुरेश आयाम, सरपंच कनकनगर शिव प्रसाद, मदन नगर सरपंच बाबूलाल, अधिवक्ता अनुज प्रताप सिंह , अनिल कुमार सिंह, पुष्पराज सिंह, कालीचरण, बच्चा लाल, राम प्रसाद, जयमंगल सिंह, बनवारी खलखो, नंदलाल, सोनसाय, परमेश्वर, फूलसाय, शिवप्रसाद, रामकेवल समेत अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

### चचेरी बहन ने ही नाबालिग को अनजान युवक के साथ भेजकर कराया दुष्कर्म

**लखनपुर।** रिश्तों को शर्मसार करने वाली घटना में चचेरी बहन ने नाबालिग को अनजान युवक के साथ भेज दिया। आरोपी युवक ने युवती को जान से मारने की धमकी देकर उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। अब इस मामले में पुलिस ने आरोपी महिला समेत दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है जबकि एक अन्य आरोपी की तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार थाना अंतर्गत रहने वाली नाबालिग लकड़ी अपने चचेरी दीदी के साथ किराए के मकान में रहती थी। नाबालिग को पूर्व में ही एक जान पहचान के युवक ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। इस बीच 9 अप्रैल को उसकी चचेरी बहन सुरजपति ने आकर बताया कि उसके मोबाइल फोन पर गांव से किसी का फोन आया था और उसने मिलने के लिए बुलाया है। जब नाबालिग लड़की उक्त व्यक्ति से मिलने के गई तो उसने पुरानी जान पहचान होने की बात कहकर अपने बाइक पर बैठा लिया और रोड किनारे एक नवनिर्मित मकान में ले गया। इस दौरान युवती ने अज्ञात युवक से उसका नाम पूछा तो उसने अपना नाम राधेश्याम गुप्ता बताया और नाबालिग को जान से मारने की धमकी देकर जबरन दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। दुष्कर्म के बाद आरोपी नाबालिग को छोडकर भाग निकला। इस दौरान किसी तरह नाबालिग अपने घर आई और 10 अप्रैल को अपनी चचेरी बहन सूरजपति द्वारा राधेश्याम गुप्ता के पास भेजकर जबरन दुष्कर्म कराने की शिकायत की। मामले में पुलिस ने बीएनएस की धारा 64(1), 64(2) (h) 3 (5) व 3-(2) (वी) एससी-एसटी एक्ट एवं पॉक्सो एक्ट की धारा 4, 6 का अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू की। जांच के बाद पुलिस ने घेराबंदी कर चचेरी बहन लोसगी निवासी 26 वर्षीया श्रीमती सूरजपति पति महेश व लखनपुर बाजारपारा निवासी 35 वर्षीय राधेश्याम गुप्ता आ. स्व. कृपा शंकर गुप्ता को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है जबकि एक अन्य आरोपी की तलाश जारी है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी प्रशिक्षु आईपीएस मयंक मिश्रा, दिलिप दुबे, निर्मला कश्यप, रवि सिंह, महिला मानिता तिग्गा, दशरथ राजवाड़े सक्रिय रहे।

## 24 में से 23 लोगों ने रखा अपना पक्ष

# हाईकोर्ट के निर्देश पर डीएफओ कार्यालय में दो दिन चली प्रभावितों की सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

वन विभाग द्वारा महामाया पहाड़ पर की गई अतिक्रमण कार्रवाई से प्रभावित परिवारों के पक्ष की सुनवाई मंगलवार एवं बुधवार को वन मंडल कार्यालय में की गई। सुनवाई में प्रथम दिवस प्रभावित परिवार के 23 सदस्य उपस्थित हुए। उपस्थित सदस्य भूमि से संबंधित कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके।

**खास बातें**

- वन भूमि पर निवासरत रहने का दिया साक्ष्य
- प्रस्तुत नहीं कर सके काबिज भूमि का दस्तावेज

महामाया पहाड़ की वन भूमि पर धड़ल्ले से चल रहे अवैध अतिक्रमण का मामला वर्ष 2021 से चल रहा है। वरिष्ठ भाजपा पार्षद आलोक दुबे की शिकायत पर वन विभाग ने अनेको बार जांच कराई एवं व्यापक सर्वे कर अतिक्रमणकारियों की सूचना तैयार की। इस दौरान बीच-बीच में अतिक्रमण हटाने का मुद्दा उठता रहा। प्रदेश सरकार के निर्देश पर कई बार अतिक्रमण हटाने की तैयारी भी हुई लेकिन प्रशासन हिम्मत नहीं जुटा सका। राज्य सरकार के वरिष्ठ जन प्रतिनिधियों की पहल पर प्रशासन ने जनवरी में अतिक्रमणकारियों को अंतिम नोटिस जारी कर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई कर तथा अवैध रूप से निर्मित 42 मकानों को ध्वस्त कर दिया। विभाग की कार्रवाई के विरोध में प्रभावित परिवारों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। हाईकोर्ट ने वन मण्डलाधिकारी को प्रभावितों के पक्ष की सुनवाई करने का निर्देश दिया है। इसके पूर्व भी हाई कोर्ट के निर्देश पर कुछ पीड़ितों ने अपना पक्ष रखा था। इस बार 24 पीड़ितों ने याचिका लगाई थी जिसमें 23 लोगों ने डीएफओ कार्यालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखा। इस दौरान पीड़ितों ने भूमि स्वामित्व से संबंधित कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया। पीड़ित आधार कार्ड, राशन कार्ड एवं बच्चों के स्कूल फीस की रसीद देकर वन भूमि में वर्षो से निवासरत रहने का साक्ष्य प्रस्तुत किया। एक दिन पूर्व समुदाय के अधिवक्ता ने प्रभावित भूमि को नजूल भूमि का होने एवं दस्तावेज उपलब्ध होने का दावा किया था। इस दौरान अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई से प्रभावित लोगों ने वन मण्डलाअधिकारी कार्यालय के समक्ष विरोध प्रदर्शन कर उनकी बात नहीं सुनने का आरोप लगाया था लेकिन कोई भी पीड़ित सुनवाई में भूमि से संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई से प्रभावित परिवार बेघर हो गए है तथा खानाबदोश जीवन की रहे है लेकिन अभी भी लोग उन्हें काबिज भूमि मिलने का भरोसा देर रहें है।



सुनवाई में उपस्थित प्रभावित लोग।

### 60 लोगों को अंतिम नोटिस

वन विभाग की जांच में महामाया पहाड़ पर 582 अतिक्रमण मिले हैं जिनमें 108 लोगों को 39.785 हेक्टेयर का वन अधिकार पट्टा एवं 8 लोगों को ननि द्वारा पट्टा जारी किया गया है। वन विभाग द्वारा जांच उपरांत 74 लोगों को अतिक्रमण हटाने जबकि 60 लोगों को अंतिम नोटिस जारी की गई थी। सालाना गूगल मैप की जांच से वर्ष 2005 के बाद बड़े पैमाने पर अवैध अतिक्रमण होने की पुष्टि हुई थी। प्रभावित क्षेत्र के लोग पहाड़ की भूमि नजूल होने का दावा कर रहे हैं वहीं वन विभाग अधिकारियों का कहना है कि विभाग का ---- यह बताने के लिए काफी है कि पहाड़ की भूमि वन भूमि है।

### भटका रहे पार्षद

भाजपा पार्षद आलोक दुबे के नेतृत्व में मंगलवार को एक प्रतिनिधि मंडल पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल एवं वनमण्डलाधिकारी टी शेखर से मिला तथा ज्ञापन सौंपकर हाईकोर्ट के निर्देश का हवाला देकर डीएफओ पर अनावश्यक दबाव बनाने का आरोप लगा कार्रवाई की मांग की। प्रतिनिधि मण्डल के सदस्यों ने बताया कि तत्कालीन कलेक्टर ने शिकायत पर वन विभाग की पांच सदस्य समिति बनाई थी। समिति ने 20 दिसंबर 2021 को जांच रिपोर्ट सौंपी थी जिसके आधार पर 42 मकान टूटे हैं। मामले में तत्कालीन डीएफओ मो. शाहिद द्वारा 60 लोगों को 15 मई 2017 को अंतिम नोटिस जारी किया गया था। जिसका क्रियान्वयन जनवरी 25 में किया गया। जांच रिपोर्ट ननि के तत्कालीन जन प्रतिनिधियों द्वारा वन भूमि में 8 लोगों को राजीव गांधी आश्रय योजना पट्टा जारी करने का उल्लेख किया गया है। इसके बाद श्रीगढ़ एवं नवागढ़ के पार्षद हाईकोर्ट का हवाला देकर डीएफओ पर अनावश्यक दबाव बना रहें है। तत्कालीन कलेक्टर संजीव कुमार झा ने वन विभाग के साथ संयुक्त कलेक्टर श्रीमती तनुजा सलाम के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम गठित कर राजस्व भूमि की जांच कराई थी। जन प्रतिनिधि मंडल ने एसपी से मामले में हितबद्ध पक्षकार नहीं के बावजूद असंवैधानिक तरीके से डीएफओ कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन करने वाले लोगों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

### की गई कार्रवाई

मंगलवार एवं बुधवार को पक्षकारों की सुनवाई की गई। कोई भी पक्षकार भूमि के स्वामित्व संबंधी कोई दस्तावेज उपलब्ध नहीं करा सका है।

-थेझस शेखर, डीएफओ



# सदर रोड में नाली की समस्या को दूर करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- महापौर ने किया वार्ड का निरीक्षण

महापौर श्रीमती मंजूषा भगत ने शुक्रवार को सदर रोड का निरीक्षण कर व्यवसायियों से मुलाकात कर उनसे चर्चा की। इस दौरान व्यापारियों ने नाली की वर्षों पुरानी समस्या से अवगत कराते हुए सुधार की मांग की। मेयर ने अधिकारियों को यथा शीघ्र कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

बता दें कि शुक्रवार को महापौर श्रीमती मंजूषा भगत विवेकानंद वार्ड की पार्षदी श्रीमती सुषमा गुप्ता के साथ सदर रोड के निरीक्षण पर पहुंची थी। इस दौरान उन्होंने वार्डवासियों और व्यवसायियों से मुलाकात की। इस दौरान लोगों ने बताया कि शहर के सदर रोड में वर्षों से नाली की समस्या बनी हुई है। नालियां जाम पड़ी हुई है और गंदा पानी लोगों के घरों में जाता है। इससे घरों को भी नुकसान हो रहा है। सड़क की हालत जर्जर है और आवागमन में दिक्कतें होती है। विवेकानंद वार्ड के निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सदर रोड एवं देवीगंज रोड मुख्य मार्ग में वर्षों से व्याप्त नाली की समस्या को दूर करने के लिए अधिकारीयों को निर्देश दिया। इसके साथ साथ ही उन्होंने वार्ड वासियों की अन्य समस्याओं को यथाशीघ्र निराकृत करने का आश्वासन दिया। इस दौरान रोचक गुप्ता, नवीन बंसल, इमरान अहमद, नवीन केशरी, राजेश गुप्ता, विजय सोनी, विनोद अग्रवाल, राजा गुप्ता, तौसीफ अंसारी एवं अन्य वार्डवासी उपस्थित रहे।

# तीन दिन से लापता ग्रामीण का मिला सड़ा गला शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ डांड़गांव

- हत्या या एक्सीडेंट, जांच में जुटी पुलिस

ग्राम जजगी स्थित उद्यान विभाग जाने वाले रास्ते के कर्मकट्ठरा जंगल के गड्ढे में सूखे पत्तियों से ढका हुआ ग्रामीण का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। ग्रामीण तीन दिन पूर्व न्यायालय में जमीन का दस्तावेज निकालने गया था जिसके बाद वापस नहीं लौटा। ग्रामीण की हत्या या एक्सीडेंट हुआ इसे लेकर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक उदयपुर के अलकापुरी निवासी जिरजोधन उरांव (56 वर्ष) 8 अप्रैल की सुबह 10 बजे घर से अंबिकापुर न्यायालय में जमीन का नकल निकलवाने के लिए निकला था। जिसके बाद वापस नहीं लौटा। परिजन ने जिरजोधन के घर नहीं लौटने और कहीं पता नहीं चलने पर उदयपुर थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराया था। साथ ही खोजबीन में लगे रहे। शुक्रवार की दोपहर 2 बजे कुछ लोगों ने ग्राम जजगी उद्यान विभाग मार्ग एनएच 130 से 200 मीटर की दूरी जंगल के गड्ढे में सूखे पत्तों से ढका शव देख घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस ने परिजन को बुलाकर शव का शिनाख्त कराया तो परिजन ने मृतक की पहचान जिरजोधन उरांव के रूप में किया। शव बुरी तरह से सड़ गल चुका था। इधर जंगल में सड़ा गला शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई और लोगों ने हत्या की आशंका जताई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच शुरू कर दी है। ग्रामीण की हत्या की गई या सड़क दुर्घटना से मौत हुई है इसे लेकर पुलिस द्वारा जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि ग्रामीण की हत्या हुई या सड़क दुर्घटना से मौत हुई इसका खुलासा पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकता है। बहरहाल पुलिस सभी पहुंलुओं से जांच में जुट गई है।





### शहर भाजपा ने सेवा पखवाड़ा के तहत चलाया स्वच्छता अभियान

**सूरजपुर।** भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल द्वारा प्रदेश नेतृत्व के निर्देश व जिला के मार्गदर्शन में सेवा पखवाड़ा के तहत नगर के पुराना बस स्टैंड स्थित चौपाटी में स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वच्छ भारत-स्वस्थ भारत, स्वच्छ सूरजपुर-स्वस्थ सूरजपुर का सन्देश के साथ पूर्व नपा अध्यक्ष एवं भाजपा जिला कोषाध्यक्ष थलेश्वर साहू की उपस्थिति एवं मंडल अध्यक्ष अरविन्द मिश्रा के नेतृत्व मे शहर भाजपा के पदाधिकारी व पार्षदो ने शहर को स्वच्छ और स्वस्थ रखने के उद्देश्य से स्वच्छता अभियान चलाया तथा लोगों को स्वच्छता के लिए जागरूक किया। सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत भाजपा पदाधिकारियों ने हाथों में झाड़ू थाम कर चौपाटी व पुराना बस स्टैंड परिसर का सफाई किया। इस दौरान डॉ एचएन चतुर्वेदी, थलेश्वर प्रसाद साहू,अरविंद मिश्रा, मुकेश गर्ग, प्रमोद तायल, ललन राम सोनवानी, प्यारेलाल साहू, पंकज चौबे, मंडल महामंत्री आनंद सोनी, राजू देवांगन, शिवशंकर साहू, संस्कार अग्रवाल, अजय सिंह, भूपेंद्र राजवाड़े, श्रीमती सरोज साहू, किशन देवांगन, लक्ष्मण कसेरा, रंजन सोनी, विकास अग्रवाल, अजय मित्तल, यस अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, पार्षद एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मुद्रा योजना से व्यवसाय कर संवारी जिन्दगी, पीएम ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

- नगर की नेहा केशरी को मिला प्रधानमंत्री से मिलने का मौका



प्रधान मंत्री मुद्रा योजना में बेहतर प्रदर्शन करने पर नगर की महिला को देश के पीएम नरेंद्र मोदी से मिलने का मौका मिला। इस दौरान पीएम श्री मोदी ने योजना के जरिए कपड़े का व्यवसाय कर आय अर्जित करने पर नेहा मैचिंग की संचालक श्रीमती नेहा शaर्मा को पीएम ने सम्मानित किया।

बता दें कि प्रधानमंत्री मुद्रा योजना का उद्देश्य उद्यमिता को प्रोत्साहित करना और समावेशी और टिकाऊ आर्थिक विकास मॉडल को बढ़ावा देना है। पीएम मुद्रा लोन योजना छोटी दुकानों सहित छोटे व्यवसायों को 10 लाख रूपए तक का लोन प्रदान किया जाता है। इसी योजना के तहत नगर की श्रीमती नेहा केशरी को वर्ष 2017 में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा वित्तीय सहायता प्रदान की गई थी। इस योजना के तहत मिली राशि से नेहा केशरी द्वारा कपड़े का व्यवाय किया गया और नेहा मैचिंग के नाम से दुकान का संचालन कर खुद को आर्थिक रूप से सशक्त किया। इस बीच पीएम मुद्रा योजना के दस वर्ष पूर्ण होने पर प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के आवास में देश की चयनित महिलाओं को मिलने और सम्मान पाने का मौका मिला। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया राजपुर शाखा के प्रबन्धक देवाशीष बाकरे ने बताया कि इस योजना के तहत छत्तीसगढ़ से दो हितग्राहियों का चयन हुआ था। इनमें बलरामपुर जिले के राजपुर विकासखंड से नेहा केशरी को भी चयनित किया गया और नई दिल्ली पीएम आवास में नेहा केशरी को पीएम से मिलने और सम्मानित होने का अवसर मिला है। इसके साथ ही नेहा प्रदेश की अन्य महिलाओं के लिए भी महिला शसक्तीकरण की मिशाल पेश की है। श्रीमती नेहा केशरी ने अपने कपड़ा व्यवसाय (नेहा मैचिंग) को मेहनत और लगन से आगे बढ़ाया। वर्तमान में पुनः सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया द्वारा एक नई युनीट (क्रीस्टल क्लीन ड्राई क्लीनिंग) हेतु वित्तीय सहायता प्रदान की गई। इस उपलब्धि से तहसील राजपुर एवं जिला बलरामपुर के महिलाओं एवं युवाओं का अपना व्यवसाय का स्टार्ट-अप करने एवं आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा मिलती है।



# उप पंजीयक कार्यालय बाबू के भरोसे रजिस्ट्री कराने दलाल सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

- अनाप-शनाप दर पर बेच रहे हैं स्टांप

उप पंजीयक कार्यालय बाबू के भरोसे संचालित हो रहा है जो अब अवैध उगाही व कमीशन खोरी का अड्डा बन गया है। हैरानी की बात तो यह है कि पूर्व उप पंजीयक के तबादला के बाद भी रिक्त पद पर उप पंजीयक कार्यालय बाबू के भरोसे संचालित है। ऐसे में मनमानी तरीके से फीस के अलावा राशि लेने से लोगों में आक्रोश है।

छत्तीसगढ़ शासन के निर्धारित कमीशन के अनुसार स्टांप बेचने की अनुमति होती है। जिसे बाकायदा लाइसेंस प्राप्त हो। कार्यालय में स्टांप विक्रेता व दलाल इस कदर सक्रिय है जो लोगों से अनाप-शनाप रेट पर स्टांप की बिक्री करते हैं। शासन के निर्धारण अनुसार स्टांप बिक्री की अनुबंध होती है। इधर 10, 20 तथा 100 के स्टाप को दो से तिगुना दर पर बेचा जाता है। रोजाना लाखों रुपए का स्टांप में अनाप-शनाप दर लगाकर रजिस्ट्री एवं स्टांप की खुलेआम बिक्री की जा रही है। ऐसे में किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं होने के कारण उनके हौसले बुलंद है और लोगों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ता है। ऐसा नहीं है कि इसकी शिकायत राजस्व विभाग में पीड़ितों द्वारा नहीं की गई है लेकिन आज तक किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं हो सकी। जमीन रजिस्ट्री कराने पहुंचे लोगों ने बताया कि जमीन रजिस्ट्री के अलावा अन्य कई प्रकार की अलग से सेवा फीस ली जाती है। और डिसमिल के हिसाब से 5 से 20 हजार तक की वसूली की जाती है।

### की जाएगी कार्रवाई


इस मामले में जांच कराई जाएगी। जांच के पश्चात मामला सही पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी। लोगों को स्टॉप शासन के निर्धारित दर से बेचने पाए जाने पर उनके विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। प्रभारी रजिस्टार बाबू से जवाब तलब करती हूं।

-ललिता भगत
एसडीएम प्रतापपुर

# दूर है ससुराल और बाजार, चाहिए मोटर साइकिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- सुशासन तिहार में युवक का अनोखा आवेदन, सोशल मीडिया में हो रहा वायरल



सुशासन तिहार के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों द्वारा किए गए अजीबो गरीब आवेदन चर्चा का विषय बन गए है। प्रदेशभर में अलग अलग तरह के मांग और शिकायतों से जुड़े आवेदन सामने आ रहे है और ऐसा ही एक आवेदन सरगुजा जिले के मैनपाट विकासखंड से भी सामने आया है। मैनपाट के युवक ने ससुराल जाने के लिए एक बाइक दिलाने की मांग प्रदेश सरकार से कर दी है। युवक का यह आवेदन अब सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है।

बता दें कि आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान और उनसे रूबरू मुलाकात के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर प्रदेश स्तर पर सुशासन तिहार मनाया जा रहा है। यह सुशासन तिहार 8 अप्रैल से 31 मई तक चलेगा। पहले चरण में 8 से 11 अप्रैल तक समाधान पेटी और ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से मांग और शिकायती आवेदन लिए जा रहे है और जिले में अब तक कुल 14426 आवेदन प्राप्त हुए है। इस बीच सरगुजा जिले से एक आवेदन चर्चा में है और ऐसा इसलिए क्यों कि युवक ने सुसराल जाने के लिए प्रदेश सरकार से एक मोटर साइकिल दिलाने की मांग की है। मैनपाट के कमलेश्वरपुर अंतर्गत कदनई निवासी अजेश कुमार ठाकुर ने सुशासन तिहार में दिए आवेदन में लिखा है कि उसका ससुराल और बाजार घर से काफी दूरी पर है इस लिए उसे अपने ससुराल और बाजार जाने के लिए एक बाइक की आवश्यकता है। युवक ने अपनी निर्धनता का हवाला देते हुए शासन से एक मोटरसाइकिल दिलाने की मांग की है ताकि वह बाजार और ससुराल जा सके। युवक का कहना है कि उसने पांचवी तक की पढाई की है और उसने यह आवेदन गांव के ही एक परिचित व्यक्ति से लिखवाया है। हालांकी इस मामले में अधिकारियों का कहना है कि उन्हें आवेदन तो मिला है और उसे निराकरण के लिए भेजा भी जाएगा लेकिन योजना में इस तरह का कोई प्रावधान नहीं है।

# कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी ने विभिन्न ग्राम पंचायतों में पहुंच सुनी समस्याएं



**बिश्रामपुर।** सुशासन तिहार के तहत भाजपा के गांव बस्ती चलो अभियान अंतर्गत कैबिनेट मंत्री व भटगांव विधायक लक्ष्मी राजवाड़े ने शुक्रवार को विभिन्न ग्राम पंचायतों में पहुंच लोगों की समस्याओं को सुना है। साथ ही विभागीय अधिकारियों को तत्काल आमजन की आवश्यकता को पूरा किए जाने निर्देशित किया है।

गौरतलब है कि कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े द्वारा अपने भटगांव विधानसभा क्षेत्र के सभी गांवों में सप्ताह में दो दिन दौरा किए जाने का निर्णय लिया गया है, जिसके लिए बकायदा रथ तैयार कर लोगों को एक दिन पूर्व संबंधित गांव में पहुंच सूचित किए जाने का कार्य किया जा रहा है। इसी तारतम्य में शुक्रवार को कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने ग्राम पंचायत शिवसागरपुर, कसलगिरी, पार्वतीपुर, गणेशपुर व अजबनगर के ग्रामीणों से भेंट मुलाकात कर उनके समस्याओं से रूबरू हुईं। साथ ही त्वरित निदान किए जाने हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। कई स्थान पर आम ग्रामीणों के साथ जमीन पर बैठकर उनके सुख दुख को साझा किया, तो कहीं पर हिन्दू उरांव समाज द्वारा आयोजित सरहुल पूजा गणेशपुर में शामिल होकर मांदर के थाप पर आदिवासी बहनों के साथ कदम से कदम मिलाकर नृत्य किया। इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री गणेशराम भगत, जिला पंचायत सदस्य नरेंद्र यादव, सुरजपुर जनपद अध्यक्ष श्रीमती स्वाति संत सिंह, जनपद उपाध्यक्ष मनमत बछाड, भाजपा मंडल अध्यक्ष हरीश राजवाड़े, जनपद सदस्य स्वाति राजवाड़े, सीमा सिंह, मनी बग्गा के अलावा विकास खंड के सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारी सहित आमजन उपस्थित उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### 14 से तक ग्राम सभाओं का चरणबद्ध आयोजन

**अनूपपुर।** मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम के अंतर्गत प्रदेश में 14 से 18 अप्रैल तक ग्राम सभाओं का चरणबद्ध आयोजन किया जाएगा। जिसके तहत आयोजित ग्राम सभाओं में बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 अंतर्गत बालिका की उम्र 18 वर्ष एवं बालक की उम्र 21 वर्ष से कम उम्र के विवाह नहीं किए जाने के लिए जागरूकता, बेटी बचाओं, बेटी पढ़ाओं योजना पर चर्चा, स्कूलों और आंगनबाडी केन्द्रों में स्वच्छ जल की उपलब्धता पर चर्चा, कुपोषण मुक्त ग्राम पर चर्चा, विभिन्न प्रकार की पेंशन योजनाओं में लाभ वाले हितग्राहियों की सूचियों का वाचन, हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर (आरोग्यम) में प्रदाय की जाने वाली एवं स्वास्थ्य विभाग संबंधी योजनाओं पर चर्चा सहित शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्राम सभा के समक्ष रखकर चर्चा की जाएगी।

### विभिन्न पदों के लिए काउंसलिंग 15 को

**अनूपपुर।** समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत जनपद शिक्षा केन्द्र में विकासखंड़ अकादमिक समन्वयक (बीएसी) एवं जन शिक्षा केन्द्रों में जन शिक्षक के रिक्त पदों के विरूद्ध प्रतिनियुक्ति के लिए शिक्षकों एवं माध्यमिक शिक्षकों की अद्यतन वरिष्ठता सूची अनुसार काउंसलिंग 15 अप्रैल को दोपहर 2 बजे से जिला पंचायत कार्यालय के सभागार में आयोजित की गई है। उक्त जानकारी जिला शिक्षा केन्द्र के जिला परियोजना समन्वयक आशुतोष कुशवाहा ने दी है।

### सेजेस विद्यालय में प्रवेश हेतु आवेदन 5 मई तक

**अंबिकापुर।** जिले में सत्र 2025-26 में 14 स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय तथा 4 स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय संचालित है। इन समस्त विद्यालयों में सत्र 2025-26 में छात्र-छात्राओं को एडमिशन हेतु सेजेस पोर्टल में 10 अप्रैल से प्रारंभ कर दिया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि इन विद्यालयों में प्रवेश हेतु आवेदन ऑनलाइन तथा ऑफलाइन दोनों माध्यम से किया जा सकता है। प्रवेश हेतु समय सारणी निर्धारित की गई है, जिसमें प्रवेश हेतु आवेदन तिथि 10 अप्रैल से 5 मई तक, अधिक आवेदन की स्थिति में लाटरी के माध्यम से सीट आबंटन 6 से 10 मई तक, प्रवेश की अन्य आवश्यक कार्यवाही 11 से 15 मई तक निर्धारित किया गया है।

### पेड़ से टकराया हाइवा चालक की मौत

**अम्बिकापुर।** ग्राम सुखाड़ के समीप तेज रफ्तार हाइवा अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। दुर्घटना में गंभीर हुए चालक की निजी अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार प्रतापपुर थाना अंतर्गत ग्राम दुरती निवासी राज कुमार आ. तिलकधारी (32 वर्ष) गत दिन हाइवा क्रमांक सीजी 15 ईसी 3745 से भटगांव कोयला लोड कराने जा रहा था। जैसे ही चालक वाहन लेकर ग्राम सुखाड के समीप पहुंचा तभी वाहन से नियंत्रण खो बैठा जिससे वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई जिससे चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल चालक को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।


**न्यायालय नजूल अधिकारी**
**बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया (छ.ग.)**
क्र./848 वाचक-02/2025 बैकुण्ठपुर
दिनांक 11/04/2025

**ईशतहार**

सर्व साधारण ग्राम बैकुण्ठपुर की आम जनता को इस ईशतहार के जरिये सूचित किया जाता है कि आवेदक विशाल जिवनानी आ. सुशील कुमार जिवनानी जाति सिंधी निवासी बैकुन्ठपुर जिला कोरिया (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि बैकुन्ठपुर स्थित नजूल प्लाट 406/6 रकबा 2250 वर्गफुट भूमि में उषादेवी पति सुशील कुमार जीवनानी नाम खाते में दर्ज है। उक्त भूमि में उषादेवी का मृत्यु दिनांक 17/11/2022 को हो गई है। आवेदकगण उक्त भूमि में उत्तरधिकारी में अपना नाम दर्ज कराने का निवेदन किया गया है। आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र मेन्टनेस खसरा आधारकार्ड पेश किया गया है।

उक्त नामांतरण में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 28/04/2025 को 11.00 बजे आपत्ति पेश कर सकते हैं । निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई सुनवाई नहीं होगी। आज दिनांक 11/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा के अधीन जारी।

**नजूल अधिकारी**
**बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया, (छ.ग.)**


### युवक फूल दुकान में करता था काम

# युवक की हत्या कर शव को फेंका नाले में, आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- घटना के बाद से फरार है दुकान संचालक का छोटा भाई

नमना कला झंझटपारा में आज सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब नाला में एक युवक का शव मिला। शव किसी और का नहीं बल्कि नाला के बगल स्थित फूल दुकान संचालक के गोदाम में रहकर काम कर रहे युवक था। मृतक के सिर व चेहरे में गंभीर चोट के निशान पाए गए जिससे हत्या कर नाले में फेंकने की संभावना जताई जा रही है वहीं मृतक के साथ सो रहे दुकान संचालक का छोटा भाई घटना के बाद से फरार है। पुलिस ने फूल दुकान संचालक को हिरासत में लेकर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम खजुरी नवानगर निवासी जुगनू यादव उर्फ मनबोध यादव आ. धनुष देव यादव (25 वर्ष) पिछले सात साल से नमनाकला झंझटपारा निवासी निवासी बिरबल यादव के गोदाम की रखवाली करने के साथ सरस्वती शिशु मंदिर समीप फूल दुकान में काम करता था। पुलिस के मुताबिक बीती रात जुगनू यादव, संजू यादव सहित पांच लोग बीरबल के घर भोजन किए। रात लगभग 11 बजे जुगनू व संजू घर के पास स्थित गोदाम में सोने चले गए। आज सुबह मोहल्ले के ही रोशन केसरी, नीलकंठ ने फूल गोदाम से लगे नाला में ओंधे मुंह पड़े शव को देखा तथा घटना की सूचना वार्ड पार्षद सहित मोहल्ले के लोगों को दी। इधर सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच जांच की। जांच में पता चला कि मृतक के साथ सो रहा दुकान संचालक का छोटा भाई संजू रात से ही गायब है वहीं गोदाम में जगह-जगह खून के धब्बे तथा मृतक के सिर व चेहरे में गंभीर चोट के निशान होने पर पुलिस ने हत्या की आशंका पर जांच शुरू कर दी। फॉरेस्टिंग एक्सपड भी मौके पर पहुंच जांच की और ईट व लोहे के रॉड में खून के निशान पाए गए। बहरहाल पुलिस ने पंचनामा पश्चात शव का पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तथा फूल दुकान संचालक बिरबल यादव को हिरासत में लेकर उसके छोटे भाई संजू यादव की तलाश शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि दुकान संचालक का भाई झारखंड फरार हो गया है जिसे गिरफ्तार करने पुलिस टीम रवाना हो गई है।



घटना स्थल पर लोगों की भीड़, इनसेट में मृतक।

#### शव ले जाने से किया इनकार

पंचनामा पश्चात पुलिस ने शव को पीएम के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया। इधर मृतक के चाचा इंद्रजीत यादव सहित परिजन ने आरोपी की गिरफ्तारी तथा फूल दुकान संचालक को उसके सामने लाने और किस कारण हत्या की गई इस संबंध में बताने की मांग करने लगे। पुलिस ने परिजन को समझाइश दी परंतु परिजन नहीं माने और पीएम के बाद भी लगभग तीन घंटे तक शव अपने सुपुर्द नहीं दिया। हालांकि पुलिस के आश्वासन पर शाम को शव लेकर चले गए।

#### बिस्तर में मिले तीन दांत व हड्डी

परिजन ने बताया कि युवक की नृसंग हत्या की गई है। इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि युवक के सिर व चेहरे ईट से कुचले गए थे। मृतक के बिस्तर में टूटे तीन दांत व दो हड्डी पाए गए है जिससे सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि युवक के साथ किस बेरहमी के साथ मारपीट किया गया था।

#### आरोपी की तलाश जारी

झंझटपारा स्थित नाला में युवक का शव मिला है। जिसकी हत्या की गई है। मृतक के साथ गोदाम में सो रहे युवक फरार है। पुलिस टीम द्वारा जांच करने के साथ आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

## माशा पुलिस लाइन में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर



माशा पुलिस लाइन में आयोजित शिविर।

**बैकुण्ठपुर।** आयुष विंग जिला चिकित्सालय बैकुंठपुर द्वारा शुक्रवार को माध्यमिक शाला पुलिस लाइन बैकुंठपुर में निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य शिविर एवं पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह शिविर 8 अप्रैल से 22 अप्रैल तक चल रहे पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत लगाया गया। इसमें जीवन के प्रथम 1000 दिवस में पोषण के महत्व, स्वच्छता, आहार बिहार, दिनचर्या एवं ऋतुचार्य के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई।

शिविर की शुरूआत फार्मासिस्ट कुमारी किरण तिर्की द्वारा छात्र-छात्राओं को हस्त प्रक्षालन (हाथ धोने की विधि) की जानकारी देकर की गई। उन्होंने बताया कि नियमित रूप से हाथ धोने से अनेक बीमारियों से बचाव संभव है। कार्यक्रम में चिकित्सक डॉ.बीआर नायक ने औषधीय पौधे मुनगा (सहजन) के गुणों पर प्रकाश डाला। उन्होंने मुनगा की पत्तियों, फूल, फल और बीज के उपयोग एवं विशेष रूप से एनीमिया (रक्ताल्पता) के उपचार में इसके लाभ के बारे में विस्तार से बताया। इसके अतिरिक्त योग सत्र का आयोजन कर आहार बिहार एवं योग के माध्यम से गैर-संक्रामक रोगों (एनसीडी) से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। योग अभ्यास के जरिए बच्चों और उपस्थितजन को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। इस कार्यक्रम में पंचकर्म सहायक श्रीमती मनीषा सिरमौर, फार्मासिस्ट कुमारी किरण तिर्की और डॉ.बीआर नायक का विशेष योगदान रहा। साथ ही विद्यालय के शिक्षकों ने भी कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई। शिविर में करीब 85 हितग्राहियों ने स्वास्थ्य सेवाओं एवं जानकारी का लाभ लिया।

## नशीली दवाओं के रोकथाम के लिए अभियान 15 से

**बैकुण्ठपुर।** नशीली दवाओं और मादक द्रव्यों के सेवन के रोकथाम के लिए चलेगा अभियान बच्चों को नशीली दवाओं और मादक द्रव्यों के सेवन के रोकथाम के लिए कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के मार्गदर्शन तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देशन से जिले में एक युद्ध नशे के विरूद्ध 15 से 30 अप्रैल तक अभियान संचालित किया जाएगा।

अभियान में शिक्षा, स्वास्थ्य, समाज कल्याण, जिला औषधि नियंत्रण, खेल, श्रम, आबकारी, चिकित्सा, पुलिस, महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा संयुक्त रूप से अभियान का संचालन किया जाना है, जिसमें विद्यालय के 100 मीटर के आस-पास में मादक द्रव्यों के बिक्री न हो इसकी सतत निगरानी की जाएगी, इसके लिए शिक्षा विभाग राष्टीय सेवा योजना, सांस्कृतिक क्लब नेशनल कैडर कोर विशेष चिल्ड्रेन क्लब, भारत स्काउट गाईट के माध्यम से निगरानी किया जाना है।

जिले में संचालित मेडिकल स्टोर में सीसीटीव्ही कैमरा लगा होना अनिवार्य है एवं कोटपा अधिनियम के तहत अस्पताल, प्रतीक्षालय, पुस्तकालय भवन, शासकीय वाहनों सार्वजनिक स्थलों पर पोस्टर पंपलेट चस्पा कर जागरूक किया जाना है। किशोर न्याय अधिनियम के अंतर्गत नशीली दावाओं और मादक द्रव्यों का बच्चो को ब्रिकी करना व बेचवाना कानून अपराध है। जानकारी मिलने पर अधिनियम अनुसार कार्रवाई की जाएगी। श्रम विभाग द्वारा टास्क फोर्स टीम द्वारा गठित टीम रेल्वे स्टेशन, भोजनालय, कारखाने, चिन्हांकित हॉटस्पॉट निरीक्षण करेगी। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला बाल संरक्षण इकाई के द्वारा जिले में चौक-चौराहे, पान दुकान, विद्यालय, महाविद्यालय के आस-पास, पंपलेट लगाकर दुकानदारों एवं लोगों को जागरूक किया जाना है। यह अभियान 15 से लेकर 30 अप्रैल तक सतत रूप से संचालित किया जाना है।

## मनेन्द्रगढ़ में प्याऊ घर का शुभारंभ



**मनेन्द्रगढ़।** गर्मी की चिलचिलाती धूप में राहगीरो को राहत पहुंचाने के लिए जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ में 9 अप्रैल को प्याऊ घर का शुभारंभ किया गया। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के राज्य मुख्य आयुक्त सोमनाथ यादव एवं राज्य सचिव कैलाश सोनी के निर्देशानुसार एवं जिला शिक्षा अधिकारी/पदेन जिला आयुक्त स्काउटस एवं गाइडस अजय मिश्रा के आदेशानुसार विकासखंड़ शिक्षा अधिकारी/पदेन सहायक जिला आयुक्त स्काउट्स एंड गाइड्स सुरेन्द्र कुमार जायसवाल एवं सहायक विकासखंड़ शिक्षा अधिकारी वीरेन्द्र प्रसाद पांडे की उपस्थिति में जिला सचिव अशोक कुमार साहू के नेतृत्व में जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ में प्याऊ घर का शुभारंभ किया गया। जिला आयुक्त राजकुमार गुप्ता के द्वारा फीता काटकर प्याऊ का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य सत्येन्द्र कुमार सिंह, उदयभान मिश्रा, डॉ. विनोद कुमार पांडे, टी.विजय गोपाल राव, नारायण तिवारी, कंचन सिंह, गाइड कैप्टन श्रीमती एग्नेस आनंद दास ,श्रीमती सुशीला एक्का एवं विकासखंड़ सचिव जितेन्द्र सिंह, स्काउटर संतोष कुमार यादव, राजेन्द्र प्रसाद मिश्रा, अजय कुमार, अविनाश ठाकुर, ब्लॉसम एकेडमी के संचालक जसपाल सिंह, विजय इंग्लिश मीडियम स्कूल के संचालक संजय कुमार सेंगर सहित विद्यालय के स्काउट एवं गाइड काफी संख्या में उपस्थित रहे।

## सेंट जोसफ स्कूल में कला एकीकृत कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर

सेंट जोसफ इंग्लिश मीडियम स्कूल में शनिवार को कला एकीकृत (इंटग्रेटेड) कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। सप्ताहभर की तैयारी के बाद आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने विविध विषयों पर आधारित कलात्मक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी रचनात्मक प्रतिभा का परिचय दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 9 बजे मुख्य अतिथि डॉ. महेश मिश्रा नायक यातायात विभाग एवं फादर जॉन क्रूज प्राचार्य सेंट जेवियर स्कूल द्वारा फीता काटकर किया गया। दोनों अतिथियों ने कार्यक्रम में जज की भूमिका निभाते हुए विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों का मूल्यांकन भी किया।

कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्या सिस्टर मारिया प्रीति, वाइस प्राचार्या सिस्टर सुनीता, प्रबंधक सिस्टर अजीत एवं पूर्व प्राचार्या सिस्टर जेसी कुरियन का मार्गदर्शन सराहनीय रहा, जिन्होंने शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को दिशा-निर्देश देते हुए आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। प्रत्येक कक्षा के शिक्षकों द्वारा विषय चयन और विद्यार्थियों को प्रशिक्षण देना प्रशंसनीय रहा। अभिभावकों की गरिमामयी उपस्थिति ने बच्चों का उत्साह बढ़ाया। उन्होंने विद्यार्थियों की मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है। विद्यालय परिवार द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम न केवल शिक्षा और कला के समन्वय का उदाहरण बना, बल्कि विद्यार्थियों में टीम वर्क, रचनात्मकता और आत्मविश्वास का विकास भी किया।

## आकाशीय बिजली की चपेट में आने से चार मवेशियों की मौत

**बतौली/सेदम।** बतौली क्षेत्र में देर शाम तेज गरज चमक के साथ बेमौसम बारिश हुई। लगातार हो रही बारिश और आकाशीय बिजली गिरने से चार मवेशी चपेट में आ गए जिससे चारों मवेशियों की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी अनुसार बतौली के दुरस्त पहाड़ी क्षेत्र गोविंदपुर निवासी शिवकुमार बड़ा के एक जोड़ी बैल घर के सामने पेड़ के नीचे खड़े थे तभी अचानक तेज गरज चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरी जिसके चपेट में आने से दोनों मवेशियों की मौत हो गई। इसी प्रकार चिपरकाया मूर्ताडांड निवासी तुलसी यादव और रामचंद्र यादव के एक एक गाय पर बिजली गिर गई जिससे 2 गाय और 2 बैल की मौत हो गई। मवेशियों के आकाशीय बिजली करने तथा मौत हो जाने पर अब किसानों को अपनी रोजी रोटी की समस्या सताने लगी है। इस संबंध में बतौली तहसीलदार तारा सिदार ने बताया कि किसान द्वारा थाना और पशुपालन विभाग को सूचना दें ताकि आगे की प्रक्रिया पूरी कर किसानों को राहत राशि प्रदान किया जाएगा।


रांची (कॉंके) के सुप्रसिद्ध मनोरोग एवं नशामुक्ति परामर्श विशेषज्ञ
डॉ.आशीष सोय
MBBS, DPM (CIP, KANKE) FIPS
EX-SENIOR RESIDENT (RINPAS)
पागलपन, घबराहट, शक, डर, उदासी (डिप्रेशन), मिर्गी, सरदर्द, नशा, नींद नहीं आना
बच्चों में मनोरोग संबंधी समस्याएं
दिनांक 13 अप्रैल 2025, दिन - रविवार
प्रतिदिन वीडियो कॉल द्वारा परामर्श उपलब्ध
प्रकाश हॉस्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने,अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो. 9713667433, 9617247433


## प्रेमाबाग में तीन दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा 20 से

**बैकुण्ठपुर।** शहर के प्रेमाबाग मंदिर परिसर में आगामी दिनों सफाई मित्रों के अतुल्य सम्मान समारोह के साथ संगीतमय श्रीराम कथा का तीन दिवसीय आयोजन 20 से 22 अप्रैल सायं 5 बजे से रात्रि 9 बजे तक जाएगा।

यह आयोजन नगर के सफाई मित्रों के सम्मान और रामभक्ति की भावना को समर्पित होगा। कार्यक्रम के अंतर्गत बैकुंठपुर एवं चरचा नगर पालिका क्षेत्र में कार्यरत सभी सफाई मित्रों को बीमा पालिसी प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। देवराहा बाबा सेवा समिति प्रेमाबाग एवं रामचरण अनुरागियों द्वारा आयोजन किया जाएगा। राजनीतिक विश्लेषक प्रभजन सिंह ने बताया कि यह आयोजन समाज के उन योद्धाओं को सम्मान देने की पहल है, जो प्रतिदिन स्वच्छता के लिए अपना योगदान देते हैं। कथा का विषय सुंदरकांड सुंदर क्यों है तथा हनुमान महात्म्य होगा, जिसमें छग शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग में संयुक्त आयुक्त पद पर कार्यरत एवं प्रसिद्ध कथा वाचक डॉ. अशोक हरिवंश राधव सेवा समिति, शिवरीनारायण तेंदुआ धाम से कथा वाचन करेंगे। वे अपने पिता देहदानी हरिवंश चतुर्वेदी की प्रेरणा एवं जगतगुरू तुलसीपीठाधीश्वर स्वामी रामभद्राचार्य जी की कृपा से विभिन्न धार्मिक कथाओं का वाचन करते रहे हैं। वे अपनी कथा में कोई शुल्क नहीं लेते, केवल संगीत पक्ष एवं यात्रा व्यवस्था आयोजक द्वारा की जाती है। कथा में भजन प्रस्तुति डॉ. अशोक हरिवंश एवं दीप्ति पवन की रचनाओं के माध्यम से होगी, जो भावपूर्ण प्रस्तुति से श्रोताओं को भक्ति रस में सराबोर करेंगी। देवराहा बाबा सेवा समिति प्रेमाबाग ने समस्त नगरवासियों से अपील किया है कि इस संगीतमय श्रीराम कथा में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर श्रीराम मंदिर निर्माण व राष्ट सेवा के इस पावन उद्देश्य में अपनी सहभागिता प्रदान करें।



डॉ. अशोक हरिवंश

## जानलेवा हमलाकर कार चालक को पहुंचाया कोमा में, दो आरोपी गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** कार चालक के साथ मारपीट और जानलेवा हमला करने के मामले में पुलिस दो आरोपियों को पकड़ा है। उत्पाती युवकों ने ना सिर्फ कार चालक के साथ मारपीट की बल्कि उसके पुत्र को पुलिस से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। इस घटना के बाद गम्भीर कार चालक फिलहाल कोमा में है और उसका उपचार जारी है। पुलिस ने आरोपियों को हत्या के प्रयास की धाराओं के तहत गिरफ्तार किया है जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

बताया जा रहा है कि प्रतापपुर नाका खाल पारा निवासी तुषार सिंह का पैतृक निवास खड़गवां कला में है। 14 मार्च को तुषार सिंह के पिता संत लाल सिंह अपनी फोर्ड ईको स्पोर्ट कार क्रमांक सीजी 10 एबी 8933 से अपने पैतृक गांव गए हुए थे। गांव से वापस आते समय संत लाल सिंह की कार शाम लगभग 5.30 बजे सकालो मंडी के समीप पंक्चर हो गई थी।


सुयश हॉस्पिटल
(NABH से मान्यता प्राप्त)
किडनी रोग विभाग
- किडनी फेलयर (ARF/CRF)
- डायलिसीस
- बच्चों की किडनी की समस्त प्रकार की बीमारी
- नेफ्रोटिक सिंड्रोम
- हाई बीपी (HIGH BP)
- PCNL
- AV FISTULA
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा-गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान
डॉ. एल.सी.मढ़रिया — डायरेक्टर, MBBS,MS, नेत्र रोग विशेषज्ञ
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया — को-डायरेक्टर, MBBS,MS, नेत्र रोग विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
● OCT द्वारा रेटिना व कॉचबिन्द का जांच व ईलाज
डॉ. एल.सी. मढ़रिया
आई.जी.ऑफिस रोड, अपेक्स बैंक के पीछे, नेहरू चौक, बिलासपुर (छ.ग.)
फोन: 07752-402070, 228277, मो.: 9826190123, 9669979123

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
16 मई, 23 मई, 02 जून, 15 जून, 14 अगस्त, 04 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
- कमर
- जांघ,
- आर्म
- वक्ष स्थल
- शरीर के अन्य हिस्सों का लेजर द्वारा लाइपोसक्शन
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन